समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# 38 अनुपस्थित सफाई मित्रों का वेतन काटा

## सेवा से बर्खास्त व निलंबन का दिया कारण बताओ सूचना–पत्र

रतलाम 09 फरवरी । कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 38 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

वार्डो में सफाई मित्रों की उपस्थिति के दौरान झोन क्रमांक 1 में 19, झोन क्रमांक 2 में 10, झोन क्रमांक 3 में 5 व झोन क्रमांक 4 में 4 इस तरह कुल 38 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# गार्बेज फ्री सिटी बनाने हेतु पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

रतलाम 09 फरवरी । रतलाम नगर को गार्बेज फ्री सिटी बनाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण कार्य हेतु नियुक्त पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने नियुक्त पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि रतलाम नगर के प्रत्येक वार्ड को कचरा मुक्त वार्ड बनाना इस हेतु वे प्रातः 6 से 8 बजे तक अपने–अपने वार्डो में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से प्रत्येक घर से 4 तरह का कचरा पृथक–पृथक संग्रहित हा इस हेतु नागरिकों को भी 4 अलग–अलग प्रकार के कचरे के संग्रहण के लिये 4 डस्टबीन रखें।

इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि सफाई मित्रों की प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे हाजरी के दौरान उपस्थिति स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रतिदिन अनुपस्थित सफाई मित्रों की जानकारी व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड करें साथ ही वार्ड में किसी भी स्थान पर कचरा एकत्रित ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। स्वच्छता कार्य वार्ड दरोगा व झोन प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर करवाये व किसी भी प्रकार की रूकावट या परेशानी आने पर अवगत करायें।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि गार्बेज फ्री वार्ड बनाने के साथ–साथ सुन्दर भी बनाया जाना है इस हेतु वार्डो में वॉल पेंटिग हुई है या नही यदि नहीं हुई है तो इसकी सूचना व्हाट्स एप ग्रप में दें।

प्रशिक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को उच्चतम् रैंक प्राप्त हो इस हेतु सभी पर्यवेक्षक अपने–अपने वार्डो को गार्बेज फ्री सिटी बनाने हेतु पुरी निष्ठा, लगन व ईमानदारी से अपने कार्य में जुट जायें।

